हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 29 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 हर्ष और उल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन...



07 52 सीटर बसों में ठूंसे 100 यात्री, लटककर सफर करने...



## खबर संक्षेप

### लव-कुश जयंती की 21वीं शोभायात्रा आज

**विदिशा।** कुशवाह महासभा जिला विदिशा के तत्वावधान में 29 अगस्त को भुजरिया पर्व के अवसर पर भगवान श्री लव-कुश जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महासभा के संयोजक पूरन सिंह कुशवाह ने बताया कि वर्ष 2006 से लगातार आयोजित हो रहा यह महोत्सव इस वर्ष 21वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। महामंत्री भीकम सिंह कुशवाह और संगठन महामंत्री जवाहर सिंह कुशवाह के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना से होगी। इसके बाद 11 बजे अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। दोपहर 12 बजे सत्संग भवन, पुराना बस स्टैंड से शोभायात्रा निकलेगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए जय स्तंभ चौक, बजरिया पहुंचेगी। शोभायात्रा में डीजे, बैंड और भगवान लव-कुश की आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी।

### कुरवाई के 3 क्लस्टरों में आज लगेंगे शिविर

**विदिशा।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार 29 अगस्त को कुरवाई जनपद पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र के तीन चिन्हित क्लस्टरों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों का निराकरण करेंगे तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नोडल अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान टेक होम राशन की गुणवत्ता, पैकेट की स्थिति, निर्धारित मात्रा और वितरण व्यवस्था की अनिवार्य जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर देखभाल का लिया संकल्प



**विदिशा।** रक्षाबंधन के पर्व पर मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी जीवनभर देखभाल करने का संकल्प लिया गया। मुक्तिधाम सेवा समिति के सचिव मनोज पांडे ने बताया कि शुक्रवार को रक्षाबंधन के अवसर पर बड़ी संख्या में पौधे रोपे गए। मुक्तिधाम एवं रेडक्रॉस केंद्र से जुड़ी वैष्णवी राजपूत के जन्मदिन पर वाटर पाम और जामुन के पौधे भी लगाए गए। मनोज पांडे ने कहा कि जिस प्रकार परिवारजन जीवन के सुख-दुख में साथ निभाते हैं, उसी प्रकार पौधे भी मानव जीवन के सच्चे सहयोगी हैं। उन्होंने कहा कि जीवनदायिनी वायु और पर्यावरण संतुलन के लिए पौधों को परिवार का हिस्सा मानकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। मुक्तिधाम के अंतिम क्रिया स्थल परिसर में 12 फीट ऊंचा वाटर पाम लगाया गया। यहां पूर्व में लगे इसी प्रजाति के वृक्ष को लंगूरों ने नुकसान पहुंचा दिया था। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## कलेक्टर की अपील: पुल-पुलियों पर पानी हो तो जान जोखिम में डालकर निकलने का न करें प्रयास, जरा सी लापरवाही के कारण जा सकती है जान

बेतवा के घाटों का एसडीएम मनीष जैन ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बारिश के दौरान नदी-नालों में जलस्तर बढ़ने और अचानक तेज बहाव की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी अधिकारियों को पुल-पुलियों, नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही से अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए मैदानी अमला निगरानी रखे। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि बारिश के दौरान जलभराव अथवा नदी-नालों में पानी का बहाव बढ़ने की स्थिति में आवागमन को लेकर सतर्कता बरती जाए। यदि किसी पुल-पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा हो तो वहां से लोगों और वाहनों को तत्काल रोका जाए। संबंधित अधिकारी ऐसे संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा और यातायात संबंधी व्यवस्थाएं की जाएं। कलेक्टर के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए एसडीएम मनीष जैन ने शुक्रवार को बेतवा नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने नदी के जलस्तर, घाटों की स्थिति और बारिश के कारण उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार निधि लोधी भी उनके साथ मौजूद रहीं।



विदिशा। बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए एसडीएम जैन।

### एसडीएम ने दिए निर्देश: जल स्तर बढ़ने पर तत्काल सूचित करें

एसडीएम श्री जैन ने संबंधित अमले से नदी के जलस्तर एवं आसपास की स्थिति की जानकारी लेते हुए सावधानियां बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा के दौरान जलस्तर बढ़ने की स्थिति में घाटों पर विशेष सतर्कता रखी जाए और लोगों को तेज बहाव एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने के लिए लगातार जागरूक किया जाए। उन्होंने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बेतवा नदी सहित जिले की अन्य नदी-नालों के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जाए। किसी भी स्थान पर जलस्तर बढ़ने अथवा पुल-पुलिया पर पानी आने की स्थिति में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी जाए और आवश्यकता हो तो सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वर्षा के दौरान नदी-नालों, घाटों और जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं तथा पुल-पुलियों पर पानी का बहाव होने की स्थिति में जोखिम लेकर आवागमन न करें।

## राखी पर्व पर जिला जेल में बंदियों को मिली खुली मुलाकात की सुविधा

# 165 कैदी ने 351 परिजनों से की मुलाकात बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

*भाई बहन के अटूट रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया। जेल में बंद अपने भाईयों को राखी बांधने भी बहनें पहुंचीं। इसके लिए जेल में विशेष इंतजाम किए गए।*



विदिशा। जेल में बंद अपने भाईयों को राखी बांधते हुए बहनें।



विदिशा। बालिका संप्रेषण गृह में पहुंचकर राखी बंधवाते हुए कलेक्टर गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर जेल मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला जेल विदिशा में बंदियों को अपने परिजनों, विशेषकर बहनों से राखी बंधवाने के लिए खुली मुलाकात की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान बंदियों और उनके परिजनों के बीच आत्मीय मुलाकात का अवसर मिला तथा बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुखद एवं सुरक्षित जीवन की कामना की।

जेल मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के पालन में जिला जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए बंदियों के लिए खुली मुलाकात की व्यवस्था की। इसके तहत बंदियों के परिजनों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जेल परिसर में मुलाकात की अनुमति दी गई। पर्व के मौके पर जेल में भावनात्मक और पारिवारिक माहौल देखने को मिला।

जिला जेल के अधीक्षक पीड़ी श्रीवास्तव द्वारा जेल मुख्यालय को भेजी गई जानकारी के अनुसार कुल 165 बंदियों की उनके 351 परिजनों से मुलाकात कराई गई। इनमें 153 पुरुष दंडित एवं विचाराधीन बंदी, 11 महिला दंडित एवं विचाराधीन बंदी तथा एक अन्य श्रेणी का बंदी शामिल रहा। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इस विशेष खुली मुलाकात का उद्देश्य बंदियों को अपने परिवार के सदस्यों से मिलने तथा पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों को बनाए रखने का अवसर प्रदान करना रहा। बहनों द्वारा भाइयों को राखी बांधने के साथ ही परिवारजनों ने एक-दूसरे का हालचाल जाना और पर्व की शुभकामनाएं दीं। जेल प्रशासन द्वारा मुलाकात के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। जेल मुख्यालय के निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस पहल से बंदियों को अपने परिवार के साथ रक्षाबंधन पर्व की भावनाओं को साझा करने का अवसर मिला है।

- रक्षाबंधन पर जेल का माहौल त्योहार की खुशियों में बदला।

### कलेक्टर ने बालिकाओं के साथ मनाया रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शासकीय बालिका संप्रेषण गृह पहुंचकर वहां निवासरत बालिकाओं के साथ त्यौहार मनाया। बालिकाओं ने कलेक्टर को राखी बांधकर भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते की भावनाओं को जीवंत किया। कलेक्टर ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रक्षाबंधन के अवसर पर संप्रेषण गृह की बालिकाओं द्वारा स्वयं तैयार की गई सुंदर कलाकृति कलेक्टर को भेंट की गई। कलेक्टर ने बालिकाओं की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांस्वा ने भी कलेक्टर श्री गुप्ता को राखी बांधी। कलेक्टर ने संस्था में निवासरत विधि-विवादित बालिकाओं से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर देते हुए ब्रिज कोर्स एवं ओपन स्कूलिंग के माध्यम से उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांस्वा को दिए।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गई विदिशा की इंजीनियर बेटी स्वाती बागरेचा लापता

### पिता बोले: बेटी कॉल रिसीव नहीं कर रही



विदिशा। बेटी की फिक्र में चिंतित स्वाती बागरेचा के माता-पिता।

### मोबाइल की लोकेशन चीन-तिब्बत बॉर्डर के आसपास

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा की रहने वाली और वर्तमान में कनाडा के टोरंटो में रह रहीं इंजीनियर स्वाती बागरेचा कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान चीन-तिब्बत सीमा के पास से लापता हो गई हैं। 26 अगस्त की सुबह 9 बजे परिवार से संपर्क टूट गया।

स्वाती के मोबाइल पर अभी भी रिंग जा रही है, लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं कर रही हैं। परिवार का कहना है कि नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई बाढ़ के दिन से ही लापता है। मोबाइल की लोकेशन चीन बॉर्डर के आसपास आ रही है। परिजन ने संबंधित एजेंसियों से मोबाइल लोकेशन तकनीकी रूप से ट्रैक कर स्वाती की सही स्थिति का पता लगाने की मांग की है। स्वाती रिटायर्ड सीएमएचओ डॉ. केसी बागरेचा की बेटी हैं। उनके लापता होने की जानकारी मिलने के बाद विदिशा विधायक मुकेश टंडन शुक्रवार को उनके परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजन से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और स्वाती की तलाश में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

- सुरक्षा एजेंसियों से मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर स्वाती की सही स्थिति का पता लगाने की मांग की।

## सहकारिता क्षेत्र में विदिशा का प्रदेश स्तर पर गौरव

### जिला सहकारी बैंक विदिशा और पैक्स लटेरी का उत्कृष्ट संस्थानों में चयन

चयनित संस्थाओं का 2 सितंबर को ग्वालियर में सम्मान होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए विदिशा जिले ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल द्वारा जारी 27 अगस्त के पत्र के अनुसार उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, विदिशा का चयन किया गया है।

उत्कृष्ट प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) की श्रेणी में पैक्स लटेरी को भी चयनित किया गया है। सहकारिता उपायुक्त ध्रुव कुमार झारिया ने बताया कि यह उपलब्धि जिले की सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानों, सदस्यों एवं ग्रामीण हितग्राहियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और सहकारी गतिविधियों के प्रभावी संचालन का परिणाम है। चयनित दोनों संस्थाओं को 2 सितंबर को ग्वालियर के मेला ग्राउंड में आयोजित बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी कृषक संगम कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा संस्थाओं को प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह उपलब्धि जिले के सहकारिता क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, समितियों एवं किसानों के लिए उत्साहवर्धक मानी जा रही है।

**पिछले साल 28 अगस्त तक 955.9 मिमी बारिश हुई थी।**

## 71.89% भर चुका हलाली बांध, अभी पिछले साल से 318 मिमी कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में पिछले दो दिनों से अच्छी बारिश की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन अब तक अधिकांश क्षेत्रों में हल्की बारिश ही दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक जिले में औसतन 637.6 मिमी बारिश दर्ज हुई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 955.9 मिमी वर्षा हुई थी। इस प्रकार जिले में इस वर्ष अब तक 318.3 मिमी यानी करीब 33.3 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। जिले की सामान्य वार्षिक वर्षा 1075.5 मिमी है। इसके मुकाबले अब तक करीब 437.9 मिमी बारिश कम हुई है। गुरुवार को जिले में औसतन मात्र 0.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

तहसीलवार आंकड़ों में लटेरी में सबसे अधिक 877.2 मिमी बारिश हुई है, जबकि गुलाबगंज में सबसे कम 378 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

इधर, बारिश के चलते सम्राट अशोक सागर बांध के जलस्तर में भी बढ़ोतरी हुई है। 27 अगस्त की सुबह 8 बजे बांध का जलस्तर 458.25 मीटर दर्ज किया गया। बांध की कुल क्षमता 181.243 एमसीएम है और यह अब तक 71.89 प्रतिशत भर चुका है। बांध क्षेत्र में 4 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि यहां अब तक कुल 481 मिमी वर्षा हो चुकी है। बारिश से जहां बाजार की रौनक कुछ प्रभावित हुई, वहीं बारिश की कमी से जूझ रहे जिले के लिए अच्छी वर्षा की उम्मीद भी बनी हुई है। आने वाले दिनों में तेज बारिश होने पर जिले के वर्षा आंकड़ों में सुधार की संभावना है।

### तहसीलवार हुई बारिश

| | |
|---|---|
| लटेरी | 877.2 मिमी |
| बासौदा | 753.4 मिमी |
| पठारी | 719.4 मिमी |
| नटेरन | 672 मिमी |
| ग्यारसपुर | 617 मिमी |
| सिरोंज | 604 मिमी |
| कुरवाई | 602.2 मिमी |
| विदिशा | 591 मिमी |
| शमशाबाद | 562 मिमी |
| गुलाबगंज | 378 मिमी |

मौसम विभाग के मुताबिक अभी हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा।

## मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर सजी सुरमई शाम

### 'हम छोड़ चले हैं महफ़िल को' में गूंजे मुकेश के सदाबहार नगमे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्थानीय कुसुमदेवी गार्डन में 'लीजेंड्स इन टाइम्स म्यूजिकल' ग्रुप द्वारा अमर पार्श्व गायक मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम 'हम छोड़ चले हैं महफ़िल को' आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष इतिहासकार गोविंद देवलिया एवं लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन अरुण कुमार सोनी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। संगीत संध्या की शुरुआत संतोष सक्सेना ने 'सुहानी चांदनी रातें' से की। इसके बाद सौरभ पंथी, पं. सुशील शर्मा 'सरल', प्रखर श्रीवास्तव, प्रदीप जैन 'पारस', शंकर विश्वकर्मा, मोहन प्रसाद छीपा, प्रशंसा चतुर्वेदी, सुमन श्रीवास्तव, शिखा शर्मा, विवेक श्रीवास्तव, ब्रज श्रीवास्तव एवं अन्य कलाकारों ने मुकेश के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर लायन अरुण कुमार सोनी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय कवि स्व. जगदीश श्रीवास्तव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। संचालन पं. सुशील शर्मा 'सरल' ने किया।



## विदिशा पुलिस के मिशन मोबाइल रिकवरी अभियान को मिली सफलता

# 537 गुम मोबाइल बरामद, 1.10 करोड़ के फोन लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रक्षाबंधन के मौके पर विदिशा पुलिस ने लोगों को खास तोहफा दिया है। 'मिशन मोबाइल रिकवरी' अभियान के तहत पुलिस ने गुम हुए 537 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस सौंप दिए।

लंबे समय से मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों के चेहरे फोन वापस मिलने के बाद खिल उठे। पुलिस के मुताबिक जुलाई-अगस्त 2026 के दौरान जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से बरामद किए गए 537 मोबाइल की अनुमानित कीमत 1 करोड़ 10 लाख 8 हजार 500 रुपए है। मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करने के लिए पुलिस ने तकनीकी संसाधनों के साथ सीईआईआर पोर्टल का इस्तेमाल किया। विदिशा पुलिस फरवरी 2025 से लगातार गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की तलाश और बरामदगी का अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत अब तक 2,252 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। इन सभी मोबाइल की अनुमानित कुल कीमत 4 करोड़ 82 लाख 99 हजार 500 रुपए बताई गई है।



अब तक 2252 मोबाइल बरामद कर चुकी पुलिस।

### कई जिलों से ट्रेस किए मोबाइल

पुलिस की तकनीकी टीम ने विदिशा के अलावा मध्य प्रदेश के भोपाल, रायसेन, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, देवास, शिवपुरी, सागर, धार और नर्मदापुरम सहित कई जिलों से मोबाइल बरामद किए। मोबाइल रिकवरी अभियान के दौरान पुलिस ने उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और बिहार से भी गुम हुए मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक दूसरे राज्यों से मोबाइल बरामदगी तकनीकी दक्षता के साथ अंतरराज्यीय समन्वय का भी परिणाम है। 537 मोबाइल वापस मिलने से जहां लोगों को राहत मिली, वहीं पुलिस के इस अभियान से गुम और चोरी हुए मोबाइल की बरामदगी को लेकर भरोसा भी बढ़ा है।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा भुजरिया पर्व

**गंजबासौदा।** शनिवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में क्षमा याचना एवं भाईचारे का पर्व भुजरिया प्रेम भाव के साथ मनाया जाऐगा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा घरों में बोई भुजरियों का विधिवत पूजन अर्चन कर उनका विसर्जन किया जाएगा। इसके बाद भुजरियों का आदान प्रदान करते हुए पर्व मनाया जाएगा। वहीं नगर में भी जगह जगह से भुजरियों के विशाल चल समारोह निकाले जाएंगे। इसके बाद बेतवा नदी के घाटों सहित विभिन्न जलाशयों, छोटी नदियों आदि में भुजरियों का विसर्जन किया जाएगा।

### एसडीएम को दिया आवेदन



**गंजबासौदा।** गत दिवस ग्राम चौरावर निवासी सुजाता कुशवाह पत्नी रामभरोसे ने एसडीएम अनुभा जैन को एक आवेदन दिया। जिसमें बिजली की व्यवस्था विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की गई है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह चौरावर रोड निवासी हैं। जहां पर विद्युत वितरण कंपनी से बिजली सुविधा प्रदान कराए जाने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि वह गरीब, बेसहारा और मजदूरी करने वाली महिला हैं जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती हैं। उसके निवास स्थान पर बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे उन्हें बिना बिजली के ही जीवन यापन करना पड रहा है। बरसात के मौसम में अंधेरे के कारण जहरीले जानवर या कीट-पतंगों के काटने का डर बना रहता है। इसलिए शीघ्र बिजली कनेक्शन दिया जाए।

# देहात थाना पुलिस ने बचाई युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कभी-कभी जिंदगी और मौत के बीच सिर्फ कुछ पलों का फासला होता है। ऐसे ही एक क्षण में देहात थाना पुलिस की तत्परता ने एक युवक की जिंदगी बचा ली। गत दिवस देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, रामनिवास मीणा, सोनम कस्बा भ्रमण के दौरान बेतवा नदी के जलस्तर का जायजा लेने बासौदा सिरोंज मार्ग स्थित बेतवा नदी के गंज पुल पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस टीम की नजर एक युवक पर पड़ी, जो अपने EV ऑटो को पुल से नदी में धक्का देकर स्वयं भी आत्महत्या का प्रयास कर रहा था। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल दौड़कर युवक को काबू में लिया। पुलिस कर्मियों ने हमराह स्टॉफ एवं राहगीरों की मदद से EV ऑटो को भी सुरक्षित बाहर निकलवाया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम दुर्गेश अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 4 बताया। पुलिस टीम ने युवक को समझाइश दी तथा अजय यादव, धर्मेंद्र के सहयोग से उसे सकुशल उसके घर पहुंचाकर परिजनों के सुपुर्द किया।



पुलिस की इस त्वरित एवं मानवीय पहल से न केवल एक युवक की जान बची, बल्कि उसके परिवार को भी एक अपूरणीय क्षति से बचाया जा सका। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी तथा एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है। किसी भी परिस्थिति में हताश होकर आत्मघाती कदम न उठाएं। परेशानी की स्थिति में अपने परिजनों, मित्रों अथवा पुलिस से संपर्क करें। समय पर मिली मदद किसी की जिंदगी बचा सकती है।

## मंहगाई के विरोध में नगर में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बढ़ती महंगाई के विरोध में गत दिवस कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक से गांधी चौक तक पैदल मार्च निकाला। कार्यकर्ता हाथों में महंगाई विरोधी संदेश लिखी हुई तख्तियां लेकर चले। कार्यकर्ता चीनी, गुड़, पोहा-चावल की खाली बोरियां, गैस सिलेंडर भी साथ लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। रैली एवं मार्च के माध्यम से कांग्रेस जनों ने बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण की मांग उठाई। रैली जय स्तंभ चौक से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए गांधी चौक पहुंची। यहां नुक्कड़ सभा में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई का असर अब बाजार तक सीमित नहीं है। परिवार की रसोई पर भी असर दिख रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आवागमन भी महंगा हुआ है और रोजमर्रा की जरूरतें भी भारी पड़ रही हैं। लगातार बढ़ते खर्च से मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के परिवारों का बजट बिगड़ गया है। इस प्रदर्शन में पूर्व विधायक निशंक जैन, सुनील पिंगले, सत्यप्रकाश सेन, विकास शर्मा, नितिन दुबे, जगदीश व्यास, सतीश कटारे, अमित दुबे, बीडी शर्मा, बंटी गुर्जर, प्रकाश मिश्रा, राजकुमार सेन, विष्णुप्रसाद शर्मा, सहित बडी संख्या में युवा एवं महिला कांग्रेस कार्यकर्ता और अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### बारिश के बावजूद दिन भर बाजार में रही चहल पहल

# इलाके भर में हर्षोल्लास के साथ मना भाई-बहन के प्रेम का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बारिश के बीच शुक्रवार को भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व इलाके भर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से लेकर शाम तक बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी उपहार आदि भेंटकर बहनों को उनकी रक्षा का वचन दिया।

रक्षा बंधन के पर्व पर घरों में श्रद्धालुओं ने सुबह भगवान की पूजन अर्चन कर उन्हें रक्षा सूत्र अर्पित किए। वहीं मंदिरों में भी पहुंचकर भगवान को रक्षासूत्र अर्पित कर उनसे रक्षा की कामना की। इसके बाद घरों में श्रवण उकेरकर उनकी पूजन अर्चन की गई। साथ ही भुजरियों की पूजन अर्चन कर उन्हें और भगवान को रक्षासूत्र अर्पित किए गए। पूजन अर्चन के बाद बहिनों ने पूरे उत्साह के साथ अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और भाईयों ने भी बहनों को उपहार के साथ रक्षा का वचन दिया। इस पर्व को लेकर छोटे बच्चों में विशेष उत्साह दिखा और छोटी छोटी बहनें विशेष तैयारी के साथ अपने भाइयों को राखी बांधने उत्साहित रहीं। इन बहनों ने अपने भाइयों से उपहार के रूप में चॉकलेट, खिलौने, वस्त्र आदि प्राप्त किए। रक्षाबंधन का यह पर्व सुबह से देर शाम तक चलता रहा। दूसरी ओर रेल्वे स्टेशन और बस स्टेण्ड पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। जिससे यात्रियों को असुविधा भी हुई। दूसरी ओर शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक रुक रुक कर बारिश होती रही। लेकिन यह बारिश भी रक्षा बंधन के त्यौहार को प्रभावित नहीं कर सकी और उत्साह के साथ पर्व मनाया गया। वहीं बाजार में भी रौनक बनी रही।





## बेतवा नदी पर भी मनाया गया श्रावणी उपाकर्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

**गंजबासौदा।** बेतवा नदी के रिपटा घाट पर भी शुक्रवार को श्रावणी उपाकर्म किया गया। जिसमें दस विधि स्नान कर विप्र जनों ने पाप कर्मों का प्रायश्चित किया। जिसमें ब्राह्मणों ने प्रायश्चित, संकल्प, दस विधि स्नान, संध्योपासना, कर्म वेद माता गायत्री जप, तर्पण ,देव पूजन, ऋषि पूजन, शिवाभिषेक उपरांत हवन आरती की और प्रसादी वितरण किया। आचार्य मुकुल कृष्ण तिवारी ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म में प्रायश्चित दसविधि स्नान सप्तर्षियों का पूजन यज्ञोपवीत शिव अभिषेक हवन किया जाता है। इस वर्ष भी जगत कल्याण एवं नेपाल में जो जनहानि एवं आपत्तिजनक घटना हुई उन सभी भारतवासियों व नेपाल वासियों में सुरक्षा की कामना करते हुए ब्राह्मण ने श्रावणी उपाकर्म किया। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन श्रावणी उपाकर्म करने का विधान है जिसे ब्राह्मणों के अलावा क्षत्रिय वैश्य भी कर सकते हैं खासकर वेदपाठी कर्मकांडी ब्राह्मण द्वारा पूजन अर्चन भजन के दौरान जाने अनजाने में हजारों तरह के पाप कर्म हो जाते हैं उनके पाप कर्मों से दोष मुक्त होने के लिए श्रावणी उपाकर्म किया जाता है। इस मौके पर नगर के ब्राह्मणों ने भस्म दूध दही घी स्वर्ण कुशा फल सप्तधान्य गौमूत्र गोबर मिट्टी आदि से स्नान कर पंचगव्य पान कर यज्ञोपवीत धारण कर सप्तर्षियों का पूजन संध्या बंधन एवं शिवाभिषेक उपरांत हवन आरती कर सम्पन्न किया। जिसमें नगर एवं आसपास से आचार्य मनीष द्विवेदी, पंडित सुनील शास्त्री, आशीष व्यास , राजू भार्गव, सत्यम मिश्रा, मुकुल तिवारी, श्याम बिहारी शर्मा, देवेंद्र भार्गव, शिवहरी शर्मा, विपिन शर्मा, प्रवीण शर्मा, ऋषभ शर्मा, मयंक शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, कुलदीप शर्मा एवं नगर के वेदपाठी विप्र सम्मिलित हुए।

## उपजेल में बंदियों को बहिनों ने बांधी राखियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जेल मुख्यालय के निर्देशों के पालन में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सब जेल में बंदियों के लिए विशेष रूप से खुली मुलाकात की व्यवस्था की गई। इस पहल का उद्देश्य बंदियों को रक्षाबंधन के पावन अवसर पर अपनी बहनों एवं परिजनों से मिलकर राखी बंधवाने का अवसर प्रदान करना रहा। इस दौरान कुल 137 बंदियों से 298 परिजनों ने मुलाकात की। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की और उनसे बुराई का रास्ता छोडने का संकल्प लेने का वादा लिया। वहीं बंदियों ने भी यह संकल्प लिया। लंबे समय बाद अथवा विशेष पर्व पर परिजनों से मिलने का अवसर मिलने से बंदियों में भी भावनात्मक प्रसन्नता देखने को मिली। मुलाकात के लिए पहुंचे परिजनों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रवेश दिया गया तथा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित यह खुली मुलाकात बंदियों के सामाजिक एवं पारिवारिक जुड़ाव को बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही। परिजनों से मिलने और बहनों से राखी बंधवाने से बंदियों को भावनात्मक संबल मिला तथा परिवार के प्रति उनके जुड़ाव को भी मजबूती मिली।

## नशे के खिलाफ सामाजिक संगठनों ने भरी हुंकार

**गंजबासौदा।** नशे के खिलाफ नगर में अब लड़ाई सिर्फ चर्चा और बैठकों तक सीमित नहीं रही है। 1 सितंबर की जनजागरण रैली को शहरव्यापी अभियान का रूप देने के लिए सामाजिक संगठन एक के बाद एक मैदान में उतर रहे हैं। रघुवंशी समाज, लोधी समाज, अधिवक्ताओं और व्यापारी संगठनों ने अपने स्तर पर बैठकें कर मुहिम को समर्थन दिया है। वहीं रघुकुल युवा परिषद आज प्रचार वाहन के जरिए शहर में सघन जनजागरण करेगी। बैठकों में एक ही बात पर जोर है, नशे के खिलाफ अब चुप्पी नहीं, सामूहिक आवाज जरूरी है।




ज्ञात हो कि नगर में ड्रग्स सहित अन्य मादक पदार्थों का बेखोफ काला कारोबार चल रहा है। एक पखवाड़े में ही ड्रग्स की अधिक मात्रा लेने से तीन युवाओं की मौत ने शहर को झगजोर दिया। इस काले कारोबार के खिलाफ नागरिकों ने सामूहिक आवाज बुलंद करते हुए 1 सितंबर को जन जागरण रैली निकालना कर युवाओं को नशे से दूर करने के लिए जन जागरण निकाली जा रही है। रैली को संत समाज ने भी अपना समर्थन दिया है। अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया है कि मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में आरोपियों की पैरवी नहीं की जाएगी। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमन सिंह राजपूत का कहना है कि नशे का कारोबार केवल अपराध का विषय नहीं है, बल्कि यह युवाओं और परिवारों के भविष्य को प्रभावित करने वाली गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। ऐसे मामलों में समाज की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। इसी भावना के साथ अधिवक्ताओं ने 1 सितंबर की नशामुक्ति जनजागरण रैली को समर्थन देते हुए नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में लोधी समाज ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई है। लोधी धर्मशाला में आयोजित बैठक में समाजजनों ने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए इसके खिलाफ सामाजिक स्तर पर मजबूती से खड़े होने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक में 1 सितंबर की जनजागरण रैली को समर्थन देते हुए समाज के नागरिकों और सामाजिक बंधुओं से बड़ी संख्या में इसमें शामिल होने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि नशे के खिलाफ परिवार, समाज और युवाओं को मिलकर नशे के खिलाफ माहौल तैयार करना होगा।

### संस्कृत विद्यालय के बटुक, आचार्य हुए शामिल

## वेदांत आश्रम में मनाया गया श्रावणी पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित संचालित संत श्रीजगन्नाथदास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेदांत आश्रम में प्रतिवर्ष अनुसार आश्रम के बटुकों और आचार्यों ने तथा स्थानीय ब्राह्मणों ने श्रावणी पर्व ऋग्वेद विधि अनुसार मनाया। काशी के वेदग्य आचार्य शुभम मिश्र तथा दीपक पाण्डे के द्वारा 10 विधि स्नान, मृतिका भस्म, गोमय, पंचगव्य, गोरज, धान्य, फल, सर्वऔषधी, कुश, स्वर्ण आदि से संपन्न कराया गया। हेमाद्रि संकल्प, पितृ, देव, ऋषि तर्पण, गणेश, गौरी, सप्तर्षि आदि देवों का पूजन कर यज्ञोपवीत धारण कराया गया। इस अवसर पर आश्रम के महंत हरिदास महाराज ने बताया कि श्रावणी करने से मनुष्य के अनजाने में किए हुए वर्ष भर के सभी पापों का शमन हो जाता है इससे भूल से हुए सभी पापों से मुक्त होकर श्रावणी से शरीर, मन और आत्मा से पूर्णतः पवित्र हो जाता है और पुनः पाप न करने की वृत्ति समाप्त हो जाती है। यह आत्म शोधन का पर्व है और हम जो वेद आदि का ज्ञान प्राप्त करते हैं वह इस श्रावणी करने से हमारे हृदय में स्थाई रूप से प्रतिष्ठित हो जाता है। यह श्रावणी ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थी सभी के लिए जरूरी है। जिस प्रकार श्रावण मास में वर्षा के जल से पृथ्वी जल से परिपूर्ण हो जाती है और ग्रीष्म ऋतु की जो तपन नष्ट हो जाती है और पृथ्वी में पूर्णतया शांति छा जाती है। उसी प्रकार श्रावणी संस्कार से द्विज की तमोगुण रूपी तपन नष्ट होकर उसके पृथ्वी रूपी हृदय में सात्विक भावों की वर्षा से उसे पूर्ण शांति की प्राप्ति होती है।

## नौलखी धर्मशाला में श्रावणी उपाकर्म में दस विधि स्नान से किया पाप कर्मों का प्रायश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिरोंज चौराहा स्थित नौलखी धर्मशाला में ब्रह्मलीन करोडी लाल त्यागी द्वारा स्थापित श्रावणी उपाकर्म परंपरागत रूप से संपन्न हुआ। प्रातः 8 बजे से नगर के वैदिक विद्वान, कर्मकांडी ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से समाजजनों ने उपाकर्म में भाग लिया। इस अवसर पर ऋषि परंपरा अनुसार हेमाद्री, प्रायश्चित, संकल्प किया गया। दस विधि स्नान उपरांत ,संध्या पूजन संपन्न किया गया। साथ ही ऋषि पूजन एवं तर्पण हवन आरती व प्रसाद वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम ब्रह्मलीन करोडी लाल त्यागी की परंपरा से संबंधित होता है। कार्यक्रम में परमानंद शास्त्री द्वारा पूजन संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में बताया गया कि श्रावणी पर्व प्रत्येक ब्राह्मण को करना चाहिए। ब्राह्मणों की मूल शाखा को सींचने तथा जड़ को मजबूत करने की परंपरा श्रावणी पर्व है। इसमें अपने किए गए वर्ष भर के पापों का प्रायश्चित करने के बाद वैदिक कर्मकांडी ब्राह्मण जनों को अपने जजमानों का पूजन करने का अधिकार होता है। बिना श्रावणी के ब्राह्मणों का ब्रह्मणत्व अधूरा है। पंडित रामप्रसाद निर्दोष महाराज ने कहा कि विशेष तौर पर ब्राह्मणों को अपना मुख्य कर्म आवश्यक रूप से करते रहना चाहिए। इस अवसर पर बृज नारायण शर्मा, आनंद मिश्रा, महेश चौबे, निर्मल कुमार भृगु, कुलदीप दुबे, भास्कर शर्मा, शिवम दुबे, भागवती दुबे, मनोहर शास्त्री, संजय दुबे, गजेंद्र दुबे, नारायण प्रसाद दुबे, मुरारी दुबे, राधे श्याम दुबे, आदित्य शर्मा, डॉक्टर अशोक रोहिले, नंदकिशोर सोनी, सुनील बाबू पिंगले, वरूण चौबे सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



## रेलवे फाटक के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**गंजबासौदा।** गत दिवस महागौर रेलवे फाटक के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर रेलवे और सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की देर तक पहचान नहीं हो सकी। रेलवे स्टेशन प्रबंधक एसके पाल ने बताया, पीडब्ल्यूई की ओर से रेलवे फाटक के पास एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सिटी पुलिस को जानकारी दी गई। सिटी थाना प्रभारी संजय बेदिया ने बताया, मौके पर व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि वह किसी ट्रेन से गिरा होगा। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे

**गंजबासौदा।** गत दिवस नगर में तेज रफ्तार के चलते दो अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे हुए जिनमें पांच लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को इलाज के लिए विदिशा रेफर किया गया।पहला हादसा लाल पठार क्षेत्र में हुआ। तेज गति से आ रही दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में फरीदपुर डायला निवासी 35 वर्षीय सोनू रघुवंशी, अटारी खेजड़ा निवासी नीलेश अहिरवार घायल हो गए। दोनों को शासकीय जन चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि नीलेश की हालत गंभीर होने के चलते उसे विदिशा रेफर किया गया। वहीं सोनू का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। टक्कर में दोनों मोटर साइकिलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं एसडीएम बंगले के पीछे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार तीन लोग घायल हुए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। सिटी थाना प्रभारी संजय बेदिया ने बताया कि घायलों में एक की हालत ज्यादा गंभीर रही। उसे इलाज के लिए विदिशा रेफर किया गया।

**सहकारी बैंक कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित**
**विदिशा मुख्यालय, गंजबासौदा**

पंजीयन क्र 4262/27.03.1938 दिनांक 28.08.2026

**वार्षिक आम सभा सूचना**

समिति के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 13/09/2026 दिन रविवार, समय दोपहर 1 बजे स्थान श्रीनाथ मांगलिक भवन, मार्केटिंग सोसायटी के सामने गंजबासौदा पर आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

अध्यक्ष — केशव सिंह यादव
प्रबंधक — प्रमोद तिवारी

### रिमझिम बारिश के बीच उमड़ा भाई-बहन के प्रेम का सैलाब, राखी और मिठाई दुकानों पर दिनभर लगी रही भीड़

# हर्ष और उल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा, इसके बावजूद पर्व को लेकर लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास की डोर राखी बांधी तथा भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन देते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन को लेकर बुधवार और गुरुवार से ही बहनों के अपने पीहर



पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। कई बहनें शुक्रवार को भी बसों एवं निजी वाहनों से अपने मायके पहुंचीं। सुबह से घरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। बहनों ने पूजा की थाली में कुमकुम, अक्षत, दीपक और राखी सजाकर भाइयों का तिलक किया तथा उनकी आरती उतारकर कलाई पर राखी बांधी। इसके बाद भाइयों को मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। भाइयों ने भी बहनों को कपड़े, आभूषण, मिठाई एवं अन्य उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। जिन बहनों का पीहर आना संभव नहीं हो सका, उनके भाइयों ने उनके घर पहुंचकर राखी बंधवाई।

#### राखी बांधते समय सेल्फी का दिखा क्रेज

रक्षाबंधन को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। छोटी-छोटी बालिकाएं अपने भाइयों के लिए रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां लेकर पहुंचीं। राखी बांधने के बाद बच्चों ने मिठाइयां खाईं और एक-दूसरे के साथ खुशियां मनाईं। घरों में सुबह से ही पर्व को लेकर उत्सव जैसा माहौल बना रहा और देर रात तक राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा। वहीं भाई-बहनों में सेल्फी लेने का क्रेज भी देखने को मिला। बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के बाद उनके साथ फोटो खिंचवाती नजर आईं। कई भाई-बहनों ने राखी, मिठाई और पूजा की थाली के साथ फोटो लेकर इन यादगार पलों को सोशल मीडिया पर साझा किया। युवाओं के साथ बच्चों और महिलाओं में भी सेल्फी को लेकर खासा उत्साह रहा। इसी के साथ नगर की मिष्ठान दुकानों पर सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भारी भीड़ रही। राखी के साथ मिठाई खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचे। दुकानदारों के अनुसार इस बार अलग-अलग वैरायटी की मिठाइयां तैयार की गई थीं।

#### महंगाई के बावजूद खरीदारी में नहीं आई कमी

इस वर्ष शक्कर के दामों में बढ़ोतरी का असर मिठाइयों की कीमतों पर भी देखने को मिला। इसके बावजूद पर्व की खुशी में लोगों ने मिठाइयों की खरीदारी की। वहीं राखियों के दामों में भी करीब 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होने के बावजूद बहनों ने अपने भाइयों के लिए पसंदीदा डिजाइन वाली राखियां खरीदीं। बाजार में नई डिजाइन, आकर्षक रंगों और बच्चों की पसंद वाली थीम आधारित राखियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। त्योहार के दिन सुबह से ही रिमझिम बारिश के बीच बाजारों में लोगों की आवाजाही बनी रही। राखी और मिठाइयों के अलावा कपड़े, साड़ियां, नारियल, रूमाल एवं अन्य सामग्री की भी जमकर खरीदारी हुई। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग सिरोंज पहुंचे। मुख्य बाजार में लगे राखी बाजार में सुबह से रात तक बहनों की भीड़ बनी रही। इसके अलावा छिपेटी बाजार, भूतेश्वर पथ, मंडी-बामोरा रोड और छत्री नाका चौराहा सहित अन्य बाजार क्षेत्रों में भी दिनभर चहल-पहल रही। तो वहीं रक्षाबंधन पर बहनों के अपने पीहर एवं भाइयों के घर जाने के कारण बसों में भी दिनभर भारी भीड़ रही। सुबह से ही बस स्टैंड पर यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई थी।

### अंतिम यात्रा भी कीचड़ के हवाले : वनियाढाना पंचायत में विकास के दावों की खुली पोल

# मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए पक्का रास्ता नहीं, शव को कीचड़ भरे रास्ते से ले जाने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्यप्रदेश सरकार और पंचायतों द्वारा गांवों के विकास के लिए लाखों-करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के दावे लगातार किए जाते हैं। मुक्तिधामों के विकास, सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के नाम पर भी पंचायतों को बजट उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन सिरोंज विकासखंड की ग्राम पंचायत वनियाढाना से सामने आई तस्वीर इन दावों की जमीनी हकीकत पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। यहां हालात इतने बदहाल हैं कि ग्रामीणों को जीवन की अंतिम यात्रा तक के लिए एक सुगम रास्ता नसीब नहीं हो पा रहा है। गांव में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने के बाद जब उसके परिजन और ग्रामीण अंतिम यात्रा लेकर मुक्तिधाम की ओर निकलते हैं तो उन्हें पक्के रास्ते की सुविधा नहीं मिलती। बारिश के मौसम में यही रास्ता कीचड़ से इस कदर भर जाता है कि शव को मुक्तिधाम तक पहुंचाना भी किसी चुनौती से कम नहीं रहता। परिजनों और ग्रामीणों को शव को संभालते हुए कीचड़, पानी और खराब रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है।

**निजी भूमि बनी रास्ते की अड़चन, शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ स्थायी समाधान**





#### डेढ़ बीघा जमीन, पहुंच मार्ग का अभाव

ग्रामीणों के अनुसार वनियाढाना में मुक्तिधाम के लिए करीब डेढ़ बीघा जमीन उपलब्ध है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए आज तक ऐसा पक्का और सुगम मार्ग तैयार नहीं हो सका, जिससे बारिश के दिनों में भी अंतिम यात्रा आसानी से निकल सके। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम तक जाने वाला रास्ता निजी भूमि से होकर गुजरता है और इसी कारण लंबे समय से रास्ते को लेकर विवाद और अड़चन बनी हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक निजी भूमि से रास्ता निकालने के लिए संबंधित भूमि मालिकों से सहमति पत्र भी लिया जा चुका है। इसके बावजूद मौके पर स्थायी सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि रास्ते की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो उसे जल्द से जल्द सीसी रोड में तब्दील कराकर मुक्तिधाम तक स्थायी पहुंच मार्ग बनाया जाना चाहिए, ताकि बरसात के दिनों में तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### बारिश में बढ़ जाती है परेशानी

सामान्य दिनों में भी कच्चे और खराब रास्ते से ग्रामीणों को परेशानी होती है, लेकिन बारिश शुरू होते ही स्थिति और गंभीर हो जाती है। रास्ते में जगह-जगह कीचड़ और पानी जमा होने के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जब किसी परिवार में मृत्यु होती है तो अंतिम यात्रा के दौरान लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि अंतिम संस्कार दुख की घड़ी होती है। उस समय परिवार पहले ही अपने किसी सदस्य को खोने के गम में होता है, लेकिन मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए रास्ते में कीचड़ से जूझना उनकी परेशानी को और बढ़ा देता है। जिस रास्ते से इंसान अपनी जिंदगी की आखिरी यात्रा पर सम्मान के साथ मुक्तिधाम तक पहुंचता है, उसी रास्ते की बदहाली व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर रही है।

#### मुक्तिधाम के नाम पर बजट, लेकिन रास्ते का इंतजाम नहीं

ग्रामीण क्षेत्र में सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकार द्वारा मुक्तिधामों के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए बजट जारी किया जाता है। कई स्थानों पर मुक्तिधामों में शेड, बैठने की व्यवस्था, चबूतरे और अन्य सुविधाओं के विकास पर राशि खर्च की जाती है, लेकिन यदि मुक्तिधाम तक पहुंचने वाला रास्ता ही बदहाल हो तो इन विकास कार्यों का लाभ ग्रामीणों को कैसे मिलेगा। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि गांव की बुनियादी और मानवीय जरूरत से जुड़ा स्थान है। इसलिए वहां तक पहुंचने वाला मार्ग भी विकास कार्यों की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए।

#### सुरेंद्र रघुवंशी ने सरकार पर साधा निशाना

वरिष्ठ किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने वनियाढाना की स्थिति को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि लोगों को अपने परिजन के अंतिम संस्कार के लिए भी मुक्तिधाम तक पहुंचने का रास्ता ढूंढना पड़ रहा है। सरकार द्वारा मुक्तिधामों के निर्माण, विकास और सौंदर्यीकरण के नाम पर लगातार बजट जारी किए जाने के बावजूद यदि ग्रामीणों को कीचड़ भरे रास्ते से शव लेकर जाना पड़े तो यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को केवल कागजों में विकास के दावे करने के बजाय मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति देखनी चाहिए। संबंधित अधिकारी वनियाढाना पहुंचकर रास्ते की समस्या की जांच करें। यदि निजी भूमि, अतिक्रमण, अवरोध या किसी अन्य कारण से रास्ता नहीं बन पा रहा है तो उसका स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाए और ग्रामीणों को स्थायी पहुंच मार्ग उपलब्ध कराया जाए।

### सामाजिक गतिविधियों में निभाई अग्रणी भूमिका

# जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी बिरदी चंद्र जैन का निधन

**सिरोंज।** जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी बिरदी चंद्र जैन 'मामू' का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही शहरवासियों एवं जैन समाज के लोगों को मिली, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बिरदी चंद्र जैन 'मामू' लंबे समय से जैन समाज की विभिन्न गतिविधियों से जुड़े रहे और समाज के विकास एवं एकजुटता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। उन्होंने जैन समाज में एक मजबूत स्तंभ के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। समाज की धार्मिक एवं सामाजिक व्यवस्थाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। वे जैन मंदिरों में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे तथा धार्मिक आयोजनों एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सदैव बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वे समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों से आत्मीयता के साथ जुड़े हुए थे। सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रियता और सभी को साथ लेकर चलने की भावना के कारण समाज में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। शहर की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भी वे अग्रणी भूमिका निभाते रहे। उनके निधन पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी, सराफा संघ, अनाज-तिलहन व्यापार संघ सहित नगर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक व्यक्त करने वालों ने कहा कि बिरदी चंद्र जैन 'मामू' का निधन जैन समाज एवं शहर के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में जो योगदान दिया, उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। समाजजनों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति करने की प्रार्थना की।





## 20 से 26 सितंबर तक होगा श्रीमद्भागवत प्रवचन व असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण

**25 सितंबर को श्रद्धा-भक्ति से मनाया जाएगा दद्दाजी का जन्मोत्सव, देशभर से जुटेंगे गुरु भाई-बहन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दद्दाजी शिष्य मंडल की बैठक पीतल फैक्ट्री, दुर्गा कॉलोनी स्थित मोहन कुशवाहा के निवास पर गृहस्थ संत एवं पूज्य दद्दाजी के सुपुत्र डॉ. अनिल शास्त्री 'बड़े भैया सरकार' की उपस्थिति में हुई। बैठक में 20 से 26 सितंबर तक आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत प्रवचन एवं असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। दद्दाजी शिष्य मंडल के वरिष्ठ गुरु भाई डॉ. सुखदेव मिश्र ने बताया कि आयोजन के दौरान 25 सितंबर को पूज्य दद्दाजी का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जन्मोत्सव में देशभर से दद्दाजी शिष्य मंडल के गुरु भाई-बहनों के शामिल होने की संभावना है। बैठक में सुरेंद्र सुहाने, उत्तम सिंह ठाकुर, गुलाम सिंह राजपूत, नारायण कबीरपंथी, राजकुमार तिवारी, देवेंद्र गौर, पप्पू फुसकेल, प्रदीप दुबे, माधव कटारे, गुड्डू अग्रवाल, शांतिस्वरूप दुबे, संजय जड़िया, अखिलेश गौर, अभिषेक गौर उपस्थित रहे।

# रहली में मुखबिर की सूचना पर गांधी चौक में घेराबंदी, चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

चोरी की वारदात के बाद रहली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गई मोटर साइकिल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 65 हजार रुपए कीमत की मोटरसाइकिल जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। रिपोर्ट के अगले दिन ही पुलिस को मिली सफलताजानकारी के अनुसार वनग्राम रहली निवासी हरी सिंह पिता टीकाराम गौर ने 26 अगस्त को थाना रहली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-15-जेडएम-7385 अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 583/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान 27 अगस्त को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की मोटरसाइकिल लेकर दो संदिग्ध व्यक्ति गांधी चौक की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही



पुलिस टीम ने गांधी चौक पर वाहन चेकिंग शुरू कर दी।

#### हुलिए के आधार पर दबोचे संदिग्ध

वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ पुलिस के हाथ लग गए। पूछताछ और वैधानिक कार्रवाई के दौरान पुलिस को दोनों के चोरी की वारदात में शामिल होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोलू पिता मान सिंह अहिरवार (27), निवासी सिकंदर बरखेड़ा तथा नीरज पिता धनिराम बंसल (29), निवासी ग्राम गुंजोरा, थाना गढ़ाकोटा के रूप में हुई है।

पुलिस की कार्रवाई की खास बात यह रही कि 26 अगस्त को मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अगले ही दिन पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर चोरी का वाहन बरामद कर लिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से फरियादी को उसका वाहन वापस मिलने की उम्मीद जगी है। कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक संजय ऋषिश्वर के नेतृत्व में की गई।

# निराला समिति की पहल, गरीब परिवारों में मिठाई व भोजन का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

रक्षाबंधन के त्योहार पर नगर के विभिन्न हिस्सों की सड़कों के किनारों पर डेरा डालकर खुले आसमान के नीचे निवास करने वाले परिवारों के बीच श्री निराला साहित्य जनकल्याण समिति के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा मिठाइयां बच्चों को बिस्किट और भोजन पकटो का वितरण किया गया। गरीब परिवारों के बच्चे महिलाएं पुरुष बारिश के बीच डेरो पर बने भोजन और मिठाइयां मिलने से उनके चेहरे खिल उठे।

श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए वर्षभर साहित्यिक गतिविधियों के साथ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का होली पर आयोजन किया जाता है सामाजिक सरोकारों से जुड़े और सनातन संस्कृति के प्रमुख त्योहार होली दीपावली रक्षाबंधन पर गरीब, डेरा डालने वाले परिवारों के बीच खुशियों के रंग भरने मिठाइयां भोजन इत्यादि का वितरण भी



अनेक वर्षों से किया जा रहा है। नर नारायण सेवा अभियान के अंतर्गत परिवारों से पुराने उपयोगी वस्त्र एकत्रित कर जरूरतमंदों के बीच नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में वितरित किए जाने के अभियान में लोग भरपूर सहयोग प्रदान करते हैं।

#### खिल उठे चेहरे

नगर के शासकीय कॉलेज के पास बाल विहार पार्क के पास थाने के पास सड़कों के किनारो पर डेरा डालकर जीवन यापन करने वाले परिवारों के बीच निराला समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ एडवोकेट नरेश जैन सईद पठान इत्यादि पहुंचे। परिवारों में संख्या के अनुसार मिठाइयां और बना हुआ भोजन बच्चों को बिस्किट दिए गए। रक्षाबंधन के दिन बिस्किट मिठाइयां मिलने से महिलाओं बच्चों के चेहरे खिल उठे।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गुरुकुल स्कूल के पांच खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड मेडल

## गुरुकुल स्कूल के 5 खिलाड़ियों का संभागीय प्रतियोगिता में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सीबीएससी गुरुकुल स्कूल के 5 खिलाड़ियों ने जिला मुख्यालय पर हुई जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपने-अपने भार कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीते। इन सभी पांच खिलाड़ियों का संभागीय प्रतियोगिता में चयन होने से नगर एवं गुरुकुल स्कूल का मान सम्मान बढ़ा है।

**खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शनः** गुरुकुल स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा रागिनी दुबे ने 49 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। कक्षा 11 की छात्रा राधिका पटेल ने 48 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता। कक्षा 12वीं की छात्रा



मस्रियंती ठाकुर ने 53 किलो भार में स्वर्ण पदक हासिल किया। कक्षा दसवीं की छात्र अर्चित जैन ने 42 किलो ग्राम भार में गोल्ड पदक हासिल किया। कक्षा 9वी के अविक पाठक ने 63 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक प्राप्त करने में सफलता अर्जित की। छात्र छात्राओं द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर गुरुकुल स्कूल के संचालक प्रशांत राठी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम के साथ छात्रों का सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पांचो खिलाड़ियों का संभागीय प्रतियोगिता में चयन होना गुरुकुल स्कूल के लिए गौरव और सम्मान का विषय है।

### आज चौधरी चौक में भरेगा कजलियों का मेला

# रिमझिम बारिश के बीच मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर शहित संपूर्ण क्षेत्र में रिमझिम बारिश की फुहारो के बीच उत्साह और शांतिपूर्ण माहौल में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। सुबह से ही रिमझिम बारिश के बीच बहने राखी बांधने भाइयों के यहां पहुंची। आज बुंदेली परंपरा के अनुसार पुरानी बस्ती के चौधरी चौक में कजलियों का बाल मेला भरने के साथ भुजरियों का घोघरा नदी में विसर्जन किया जाएगा।

#### भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र

वर्ष भर बहनों को रक्षाबंधन त्यौहार आने का इंतजार बना रहता है भाई बहनों के पवित्र प्रेम स्नेहऔर भाइयों की रक्षा का संकल्प लेकर बहनों द्वारा भाइयों की कलाइयों पर राखी रक्षा सूत्र बांधने भारी उत्साह का माहौल बना रहा। रक्षाबंधन के त्योहार पर घरों घर विभिन्न प्रकार की मिठाइयां बनाने खाने और खिलाने का भी सिलसिला चलता रहा। भाइयों





द्वारा भी अपनी लाडली बहनों को नगदी राशि और उपहार भेंट किए गए।

पिछले अनेक दिनों से रुक-रुक कर नगर एवं क्षेत्र में बारिश हो रही है। रक्षाबंधन के दिन शुक्रवार को भी सुबह से निरंतर रिमझिम बारिश का दिन भर दौर चलता रहा और लोग बारिश में भीगते रहे। आज पुरानी बस्ती के चौधरी चौक में कजलियों के एकत्रित होने के साथ बाल मेला भी भरेगा। ग्राम पटेल के यहां कजलिया पहुंचने और सामूहिक रूप से नदी में विसर्जन करने की प्राचीन परंपरा आज भी जीवित बनी हुई है। वर्षों पूर्व तक कजलियो के मेला में शेरा गाने और नाचने का भारी आकर्षण बना रहता था।

### जादुई पिटारा मनोरंजन के साथ ज्ञानार्जन के लिए किया नवाचार

# खेल-खेल में पढ़ाई कराने प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को दे रहे शैक्षणिक व मनोरंजक किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सरकारी प्राइमरी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए जिला शिक्षा विभागए जिला शिक्षा केंद्र ने नया नवाचार शुरू किया है। प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को अब ष्जादुई पिटाराष् के माध्यम से खेल-खेल में पढ़ाया जा रहा है। पिटारे में बच्चों की उम्र और कक्षा के अनुरूप शैक्षणिक सामग्री के साथ मनोरंजक गतिविधियों से जुड़ी सामग्री भी शामिल की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रारंभिक कक्षाओं की शिक्षा को अधिक रोचक और गतिविधि आधारित बनाने की प्रक्रिया में ष्जादुई पिटाराष् लाया गया है।

इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई से जोड़ना और उनकी समझ को गतिविधियों के माध्यम से विकसित करना है। पिटारे में खिलौने पहेलियांए चित्रों से जुड़ी सामग्रीए खेल एवं अन्य शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। जिला शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 67 जन शिक्षा केंद्रों में जादुई पिटारा उपलब्ध कराया गया है। एक जन शिक्षा केंद्र में करीब 310 प्राथमिक स्कूलों को यह सामग्री दी गई है। इस तरह जिले के प्राथमिक स्कूलों तक जादुई पिटारा पहुंचाया गया है। इसका उपयोग बच्चों को विभिन्न विषयों को आसानी से समझाने के लिए किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारी डीडी रजक प्रभारी डीपीसी विनय दीक्षित के अनुसार पिटारे में बच्चों की आयु और कक्षा के अनुरूप सामग्री रखी गई है। खेल और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सीखने का अवसर मिलेगा। इससे उनकी तार्किक क्षमताए रचनात्मकता और विषयों को समझने की क्षमता विकसित करने में मदद मिलेगी।




**बच्चों की समझ बढ़ाने पर जोर**

शिक्षा के पिटारे में कक्षा पहली से तीसरी पांचवीं तक के बच्चों के लिए पारंपरिक शिक्षा के साथ नई गतिविधियां भी शामिल की गई हैं। इनमें कहानी सुनानेए चित्रों और खेलों के माध्यम से सीखने वाली सामग्री प्रमुख है। बच्चों के लिए पहेलियांए कठपुतलियांए खिलौने और अन्य गतिविधि आधारित सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है।

### अधिकारियों को सत्यापन की जिम्मेदारी

स्कूलों में भेजे गए जादुई पिटारे का सही उपयोग हो रहा है या नहीं। इसकी जांच अधिकारियों द्वारा की जाएगी। विभागीय अधिकारियों को स्कूलों का समय.समय पर निरीक्षण कर यह देखना होगा कि पिटारे की सामग्री सुरक्षित है और शिक्षक उसका उपयोग बच्चों को पढ़ाने में कर रहे हैं या नहीं। इसके लिए जनशिक्षकए बीआरसीसी और जिला शिक्षा केंद्र स्तर से भी निगरानी की जाएगी।

**प्रशिक्षण नहीं दी गई मार्गदर्शिका**

जादुई पिटारे की सामग्री के उपयोग को लेकर शिक्षकों को अलग से प्रशिक्षण देने के बजाय मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई गई है। इसमें प्रत्येक सामग्री का उपयोग किस तरह करना है।इसकी जानकारी दी गई है। शिक्षा गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विषय समझाने और उनकी सीखने की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया है पहली से तीसरी कक्षा तक नहीं होगा ।

### जादुई पिटारा से होगी पढ़ाई-खेल

कहानी और गतिविधियों के जरिए बच्चों का समग्र विकास। छोटे बच्चों को स्कूल बैग के भारी बोझ से राहत देने के लिए नई शिक्षा व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। अब बालवाटिका.1ए बालवाटिका.2 बालवाटिका.3 के साथ पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई को किताब.कॉपी के बोझ से मुक्त रखने पर जोर दिया गया है। इन कक्षाओं के बच्चों को स्कूल बैग नहीं लाना होगा। बच्चों को घर से अपने पसंदीदा खिलौनेए कपड़े और टिफिन लाने की अनुमति होगी। नई व्यवस्था के तहत बच्चों को 13 भारतीय भाषाओं में पढ़ाई का अवसर मिलेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा और राष्ट्रीय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ के कस्तूरीरंगन की मौजूदगी में सामग्री का शुभारंभ किया।

### जादुई पिटारा से खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे

3 से 8 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए ष्जादुई पिटाराष् तैयार किया गया है। इसमें खेलए चित्रकलाए नृत्य और संगीत आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जाएगा। पिटारे में खिलौनेए कठपुतलियांए दिलचस्प कहानियां और बच्चों की मातृभाषा में सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों को खेलए चित्रकलाए नृत्य और संगीत के जरिए सीखने का अवसर मिलेगा। इसका उद्देश्य बच्चों में रटने की बजाय समझ और रचनात्मकता विकसित करना है। गतिविधियों के माध्यम से बच्चे भाषाए अंकए व्यवहार और आसपास की दुनिया से जुड़ी जानकारी हासिल करेंगे।

### स्कूल में डेस्क, बेंच की जगह गतिविधियों का माहौल

बालवाटिका से तीसरी कक्षा तक के बच्चों के लिए पारंपरिक डेस्क.बेंच की व्यवस्था के बजाय सीखने का माहौल गतिविधि आधारित बनाया जाएगा। स्कूलों में लकड़ी के घोड़ेए गोल आकार की मेजए छोटी.छोटी कुर्सियां और बड़ी स्क्रीन जैसी सुविधाएं होंगी। अलग-अलग कार्टून कहानियोंडांस और ड्राइंग के माध्यम से बच्चों को खेल.खेल में सीखने का अवसर मिलेगा। नई व्यवस्था में पढ़ाई का फोकस सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि बच्चों के समग्र विकास पर रहेगा।

**विनय दीक्षित प्रभारी डीपीसी रायसेन**

### आरोपी इनोवा चालक मौके से फरार, पुलिस जांच में जुटी

# इनोवा ने सामने से आ रही कार को मारी टक्कर, 5 लोग गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा नेशनल हाइवे 146 पर शुक्रवार को सड़क हादसा सामने आया है। ढकना चपना स्थित जागीरदार ढाबा के पास दो तेज रफ्तार कारों के बीच आमने.सामने से हुई भीषण टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद इनोवा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरीए जबकि दूसरी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसारए हुंडई कार ;क्रमांक एमएच 12 पीजेड 2059द्ध में सवार होकर एक परिवार सागर से भोपाल की ओर जा रहा था। इसी दौरान भोपाल की तरफ से विदिशा की ओर बेहद तेज गति से आ रही मध्यप्रदेश शासन लिखी हुई इनोवा कार ;क्रमांक एमपी 09 एओ 1628द्ध के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए हुंडई कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में हुंडई सवार तीन पुरुष और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए।

### मौके से फरार हुआ इनोवा चालक

टक्कर इतनी भीषण थी कि इनोवा कार सड़क से उतरकर सीधे खेतों में जा घुसी। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद इनोवा का चालक कानूनी कार्रवाई के डर से वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए गाड़ी पर मध्यप्रदेश शासन लिखा हुआ थाए जिससे आशंका जताई जा रही है कि वाहन किसी शासकीय विभाग या अधिकारी से जुड़ा हो सकता है। सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस टीम ने सभी घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला और तत्काल सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालांकिए चोटों की गंभीरता को देखते हुए सभी पांचों घायलों को बेहतर इलाज के लिए विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। फिलहाल सलामतपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश के साथ घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी

# भद्रा मुक्त रक्षाबंधन, भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधी स्नेह की डोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भाई-बहन के स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन शुक्रवार को असीम उत्साह एवं धूमधाम से मनाया। इस रक्षाबंधन पर्व को लेकर घर.घर में तैयारी की गई। यह त्योहार रक्षा के निमित्त बंधन सूत्र बांधने की परंपरा का प्रतीक है। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई को और पुरोहित यजमान को रक्षा सूत्र बांधकर संरक्षण प्राप्ति का वचन लेती हैं। रक्षाबंधन के त्योहार पर सुबह से ही भाई बहन न ये नए पोशाक पहनकर तैयारियां की। बहनों द्वारा भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी नारियल रुमाल देकर हाथों की कलाई पर स्नेह के रक्षा सूत्र बांधे। भाईयों ने बहनों के चरण छुए और उम्र भर साथ निभाने का वचन दिया। भाइयों ने बहनों को उपहार भी दिए। ज्योतिर्विद पंडित दामोदर व्यास देवनगर ने बताया कि शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन का महापर्व भद्रा रहित अपराह्न व्यापिनी श्रावणी पूर्णिमा में मनाए जाने का विधान रहा। सामान्य तौर पर श्रावण पूर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन के दिन भद्रा का साया होता है। परंतु इस वर्ष भद्रा सूर्योदय के पूर्व ही समाप्त हो जाने से संपूर्ण दिन बंधन के मुहूर्त रहे। रक्षाबंधन के दिन अठारह पंचक विद्यमान होगा परंतु बंधन के इस पर्व में पंचक की कोई बाधा नहीं रही।



### वर्ष भर के लिए मिलती है सुरक्षा

भविष्य पुराण की मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन चारों वर्णों के लोगों को विधिपूर्वक करना चाहिए। विधि-विधान पूर्वक रक्षाबंधन करने से मनुष्य वर्ष पर्यंत सुखीए समृद्ध एवं धन-धान्य से परिपूर्ण रहता है। भविष्य पुराण में रक्षासूत्र हेतु उल्लेख है कि इस पर्व पर धारण किए जाने वाला रक्षा सूत्र समस्त रोगों एवं अशुभ कार्यों को नष्ट करता है तथा इसे धारण करने से मनुष्य संपूर्ण वर्ष के लिए सुरक्षित हो जाता है।

### मुख्य द्वार पर भी बांधी राखी

दूर्वाए अक्षत केसरए चंदन और सरसों के दाने को रेशम के कपड़े में लेकर श्रद्धालुओं द्वारा बांधी मुख्य द्वार पर। फिर उसे कलावा में पिरो। इस प्रकार वैदिक राखी तैयार की गई। इन पांच वस्तुओं से बनी हुई एक राखी को सर्वप्रथम अपने इष्टदेव के चित्र या प्रतिमा पर अर्पित की। इसके बाद एक लाल कलावा लेकर उसे गंगाजलए हल्दी और केसर से शोधित की । रक्षाबंधन के दिन घर के मुख्य द्वार पर बनाया गया यह कलावा घर के पंच महाभूतों को संतुलित करते हुए नकारात्मक ऊर्जा को अवशोषित करता हैए ऐसी शास्त्रीय मान्यता है।

# दीवानगंज सहित 20 गांवों मना रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

दीवानगंजए अंबाडी सेमरा सहित सांची विकासखंड के आसपास के 40 से अधिक गांवों में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर.घर में पर्व की रौनक दिखाई दी। बहनों ने विधि.विधान से भाइयों का तिलक कर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और भाई की लंबी उम्रए सुख.समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को जीवनभर उनकी रक्षा करने का वचन देते हुए उपहार भेंट किए। दीवानगंज के साथ अंबाडीए सेमराए बालमपुरए देहरीए सत्तीए बांसियाए पिपरईए मुनाराए हिनोतियाए केमखेड़ीए महुआखेड़ाए भंवरखेड़ीए जमुनियाए निनोदए बरजोरपुरए नरखेड़ाए सरारए कायमपुरए संग्रामपुर और कुलहड़िया सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में रक्षाबंधन को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। सुबह से ही बहनों के भाई के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। कई घरों में भाई अपनी बहनों के स्वागत की तैयारियों में जुटे नजर आए।



**राखी के साथ उपहारों की भी रही धूम**- रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी काफी चहल.पहल रही। बहनों ने भाइयों की पसंद के अनुसार राखीए मिठाई और उपहार खरीदे। वहीं भाइयों ने भी बहनों को कपड़ेए आभूषणए मिठाई सहित अन्य उपहार देकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

### स्नेह और विश्वास के साथ मनाया रक्षाबंधन भाइयों ने बहनों को दिया रक्षा का वचन

सिलवानी। नगर एवं अंचल में भाई.बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को परंपरागत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही भाई-बहनों में खासा उत्साह नजर आया। घरों में पर्व की तैयारियां पहले से ही शुरू हो गई थीं। शुभ मुहूर्त में बहनों ने राखी की थाल सजाकर भाई के लिए पूजन की तैयारी की। बहनों ने भाई को श्रद्धापूर्वक चौक पर बैठाया। इसके बाद तिलक लगाकर आरती उतारी और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर सुखीए स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा करने का वचन देते हुए उन्हें यथायोग्य उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन को लेकर पिछले करीब चार दिनों से यात्री बसों में भीड़ देखने को मिली। कई बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए कई किलोमीटर का सफर तय कर अपने मायके पहुंचीं और परिवार के साथ पर्व मनाया।

### तारण तरण चैत्यालय में 30 से 6 दिवसीय युवा सम्मेलन

**सिलवानी।** नगर के तारण तरण जैन चैत्यालय में 30 अगस्त रविवार से 4 सितंबर तक 6 दिवसीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन प्रखर वक्ताए बाल ब्रह्मचारी बसंतजी महाराज की प्रेरणा व उनके ही सानिध्य में आयोजित होगा।

आयोजक समिति ने बताया कि सम्मेलन प्रतिदिन रात्रि साढ़े 9 बजे से साढ़े 10 बजे तक संपन्न होगा। इस दौरान युवाओं की समाज में भूमिकाए धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में युवा कैसे आगे बढ़ेंए संस्कारए नशा मुक्ति और आधुनिकता में धर्म जैसे महत्व पूर्ण सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बसंतजी महाराज युवाओं को जीवन में सफलता के मंत्र भी देंगे। समिति ने समाज के सभी युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता कर सम्मेलन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### हर-हर सोमेश्वर, घर-घर सोमेश्वर अभियान के तहत आयोजन

# रक्षाबंधन पर बाबा सोमेश्वर महादेव को अर्पित की राखी महाआरती में उमड़ पड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शुक्रवार को प्राचीन रायसेन दुर्ग स्थित बाबा सोमेश्वर महादेव मंदिर में विशेष आयोजन किया गया। हर-हर सोमेश्वर, घर-घर सोमेश्वर अभियान के तहत भगवान सोमेश्वर महादेव को विशेष राखी की माला अर्पित कर महाआरती की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आयोजकों ने बताया कि रक्षाबंधन पर बाबा महाकाल को राखी अर्पित करने की परंपरा देशभर में श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। इसी धार्मिक भावना को रायसेन के आराध्य बाबा सोमेश्वर महादेव से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि आने वाले वर्षों में रक्षाबंधन पर औघड़दानी बाबा



सोमेश्वर महादेव को राखी अर्पित करने की परंपरा को और व्यापक रूप दिया जाना चाहिए।

**साल में एक बार महाशिवरात्रि पर खुलते हैं शिव मंदिर के पट**-रायसेन दुर्ग पर स्थित ऐतिहासिक सोमेश्वर महादेव मंदिर के पट साल में केवल एक बार महाशिवरात्रि के त्यौहार के पावन अवसर पर खुलते हैं। लंबे समय से प्राचीन शिव मंदिर के पट बंद रहने को लेकर शहरवासियों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों की मांग है कि बाबा सोमेश्वर महादेव के मंदिर का ताला हमेशा के लिए खोला जाए।

# मां नर्मदा तट पर धार्मिक गरिमा से मनाया गया श्रावणी उपाकर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

जगदम्बा ज्योति पीठ के तत्वाधान एवं पूज्य गुरु जी श्री प्रज्ञानंदचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में श्रावणी उपाकर्म का पर्व संपूर्ण धार्मिक गरिमा और शास्त्रीय विधि-विधान के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्राचीन परंपरा का पालन करते हुए नवीन यज्ञोपवीत ;जनेऊद्ध धारण किया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ पुण्यसलिला मां नर्मदा के तट पर हुआए जहां बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक हेमाद्रि स्नान किया और वर्षभर के जाने.अनजाने पापों के निवारण हेतु प्रायश्चित संकल्प लिया। तत्पश्चात नर्मदा तट स्थित धर्मशाला में विद्वान पंडित राम दर्शन जी के सानिध्य में मुख्य अनुष्ठान आयोजित किए गए। वैदिक विद्वानों के मंत्रोच्चार और देव आह्वान के बीच श्रद्धालुओं ने परंपरा अनुसार



पूजन.अर्चन किया। विधि.विधान से पुरानी यज्ञोपवीत का त्याग कर नवीन जनेऊ धारण किया गया और वेद.संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

**आत्मशुद्धि और वेदों के संरक्षण का पर्व**-रू पंडित रामदर्शन-समारोह को संबोधित करते हुए पंडित रामदर्शन ने उपाकर्म के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा श्रावणी उपाकर्म केवल जनेऊ बदलने का बाह्य कर्मकांड नहीं हैए बल्कि यह आत्मशुद्धिए सदाचारए इंद्रिय संयम और वेदों के संरक्षण का महान संकल्प पर्व है।

### अगस्त के आखिरी दिनों में फिर सक्रिय हुआ मानसून

# डेढ़ घंटे तक रुक-रुककर जोरदार बारिश से सड़कें हुईं तरबतर, किसानों की बढ़ीं उम्मीदें



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सावन महीने की विदाई बेला में रिमझिम तो कभी तेज बारिश नहीं हुई।अगस्त माह के अंतिम दिनों में रायसेन जिले में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर करीब 12 बजे बारिश का दौर शुरू हुआ। करीब डेढ़ घंटे तक रुक.रुककर हुई जोरदार बारिश से शहर की सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। इसके बाद दिनभर रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। लंबे समय से बारिश कमजोर रहने के बाद हुई इस बारिश से किसानों के चेहरे पर राहत नजर आई। बारिश ने फसलों को भी राहत पहुंचाई है।

### दिनभर रुक-रुककर होती रही बारिश

शुक्रवार सुबह से ही मौसम बदला हुआ था। आसमान में घने बादल छाए रहे और कुछ देर बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गई। दोपहर में बारिश ने जोर पकड़ा और करीब डेढ़ घंटे तक रुक.रुककर तेज बौछारें पड़ीं। बारिश के कारण शहर के कई इलाकों की सड़कों पर पानी जमा हो गया। हालांकि बारिश का दौर लगातार तेज नहीं रहा और कुछ देर बाद फिर रिमझिम फुहारें पड़ने लगीं।

### 24 घंटे में 2.27 मिमीबारिश का पहुंचा आंकड़ा

शुक्रवार को रायसेन में 700.69 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई। इसे मिलाकर जिले में अब तक बारिश का आंकड़ा करीब 24 इंच पहुंच रहा है। बारिश की रफ्तार भले ही कम रही हो।लेकिन अगस्त महीने के आखिरी दिनों में मानसून के फिर सक्रिय होने से किसानों को आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की उम्मीद बंधी है।

### 3 से 4 दिन बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञ डॉ एसएस तोमर के अनुसार वर्तमान में कई मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। इनके प्रभाव से जिले में आगामी 3 से 4 दिनों तक बारिश का दौर बने रहने की संभावना है। हालांकि इस दौरान बहुत तेज बारिश होने के आसार कम बताए जा रहे हैं। रुक.रुककर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इससे खेतों में नमी बनी रहेगी और खरीफ फसलों धान सोयाबीन आदि फसलों को को फायदा मिलने की उम्मीद है।

### बारिश से मौसम में घुली ठंडक

लगातार उमस और गर्मी से परेशान लोगों को शुक्रवार की बारिश से राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम में ठंडक घुल गई। ठंडी हवाओं के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। दिनभर आसमान में बादल छाए रहने से मौसम सुहाना बना रहा।

### बांधों में अब भी बना हुआ है भरपूर इनफ्लो

जिले के प्रमुख बांधों में भी पानी की आवक बनी हुई है। हलाली डैम के साथ बारना बांध बाड़ीए अमरावद डैमए बनछोड़ बांधए मोघा डैम देवरी बांध में जलभराव वाले स्टेज से पानी आने की रफ्तार अभी कम नहीं हुई है। बांध में इस समय करीब 1.245 घन मीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से पानी की आवक बताई जा रही है। लगातार हो रही बारिश और बांधों में बने इनफ्लो से जलस्रोतों में पानी की स्थिति बेहतर बनी हुई है। किसानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बारिश का दौर जारी रहा तो फसलों के साथ जिले के जलस्रोतों को भी इसका फायदा मिलेगा।

### रक्षाबंधन पर यात्रियों के लिए सफर बेहद खौफनाक और तकलीफदेह रहा

# 52 सीटर बसों में ठूंसे 100 यात्री, लटककर सफर करने को मजबूर हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

रक्षाबंधन का पवित्र पर्व अपनों के पास पहुंचने की खुशी लेकर आता हैए लेकिन इस बार सलामतपुर और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों के लिए यह सफर बेहद खौफनाक और तकलीफदेह साबित हुआ। शुक्रवार को त्यौहार के अवसर पर भोपाल-विदिशा मार्ग पर चलने वाली यात्री बसों में सुरक्षा मानकों और यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। बसों में तिल रखने की जगह नहीं बची थीए फिर भी मुनाफाखोरी के चक्कर में बस संचालक क्षमता




से दोगुनी-तीन गुनी सवारियां भरते रहे। मार्ग पर संचालित 42 और 52 सीटों की क्षमता वाली बसों में 60 से लेकर 100 तक यात्रियों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया। बस की सीटें पूरी तरह भरने के बाद भी यात्रियों को बस के गलियारे ;गैंगवेद्धए दरवाजे और सीढ़ियों पर खड़ा कर दिया गया। कई यात्री बस के गेट पर बाहर लटकते हुए मजबूर दिखे।

### महिलाओं बुजुर्गों और मासूमों पर बीती आफत..

इस अव्यवस्था और ओवरलोडिंग का सबसे बुरा असर महिलाओंए छोटे बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों पर पड़ा। कड़कड़ाती धूप और उमस के बीच महिलाओं को घंटों गोद में मासूम बच्चों को लेकर खड़े.खड़े सफर करना पड़ा। बसों के अंदर पैर रखने तक की जगह न होने के कारण हवा का आवागमन बंद हो गयाए जिससे कई यात्रियों का दम घुटने लगा और सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बदहाली और जानलेवा स्थिति के बावजूद बस कंडक्टरों द्वारा यात्रियों से पूरा किराया वसूलने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। **रायसेन आरटीओ विभाग की मौन सहमति पर उठे सवाल**..त्योहारों के दौरान सड़कों पर उड़ती नियमों की धज्जियां रायसेन आरटीओ विभाग और यातायात पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। यात्रियों का आरोप है कि हर साल त्यौहारों पर यही मंजर देखने को मिलता हैए लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों से बाहर निकलने की जहमत नहीं उठाते। समय रहते ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार पर लगाम नहीं लगाई जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदार विभाग को किसी बड़े और गंभीर हादसे का इंतजार हैए जिसके बाद ही प्रशासनिक कागजी कार्रवाई और जांच के आदेश जारी होंगे।